हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

13 स्मार्ट मीटर व निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी गरजे


14 विधायक ने किया 84 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ


## खबर संक्षेप

### नवजात को लावारिस छोड़ने के मामले में नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** दयानंद नगर की गली में नवजात शिशु को कट्टे में छोड़कर फरार होने के सनसनीखेज मामले में अभी तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। पुलिस नवजात को जन्म देकर छोड़ने वाली महिला और उसके साथ मौजूद युवक की पहचान के प्रयास में जुटी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार आसपास के क्षेत्रों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और विभिन्न अस्पतालों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। बता दें कि दयानंद नगर में सुबह एक नवजात लड़का कट्टे में मिला था। राहगीरों की नजर पड़ने पर बच्चे को तत्काल ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार होने से उसकी जान बच गई थी। पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर सामने आया था कि एक गर्भवती महिला अपने साथ एक युवक के साथ गली में पहुंची थी। वहीं उसने बच्चे को जन्म दिया और बाद में दोनों नवजात को कट्टे में छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

### सीजीएचएस डिस्पेंसरियों के लिए मेडिकल स्टाफ हुआ नियुक्त

**बहादुरगढ़।** झज्जर, रेवाड़ी व रोहतक जिलों में सीजीएचएस डिस्पेंसरियों के खुलने व मेडिकल स्टाफ नियुक्त करने से न केवल पैरामिलिट्री परिवारों बल्कि हजारों की संख्या में रहने वाले केंद्रीय सरकार के कर्मचारी अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। एलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह के अनुसार देश भर में सबसे ज्यादा संख्या में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बलों के जवान हरियाणा के झज्जर, रेवाड़ी व रोहतक आदि जिलों में रहते हैं। गत 12 जून 2026 को अपर महानिदेशक सीजीएचएस हेडक्वार्टर द्वारा जारी अपने आदेश में डॉक्टर, फार्मासिस्ट व अन्य नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्व एडीजी व एलायंस अध्यक्ष एचआर सिंह के कहे अनुसार यह सब पिछले 11 सालों से चले आ रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के सामूहिक प्रयास का सुखद परिणाम है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी आज मुनीमपुर में, बीज एवं पुष्प उत्कृष्टता केंद्र सहित अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

# मुनीमपुर के हर रूट पर रहेगी पार्किंग, सुरक्षा में तैनात किए 650 जवान

- डीसी वर्षा खांगवाल ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को क्षेत्र के मुनीमपुर में नवनिर्मित बीज एवं पुष्प उत्कृष्टता केंद्र सहित अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और नागरिकों से सीधा संवाद करेंगे। समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीसी वर्षा खांगवाल ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करके तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अलग-अलग रूट पर आने वाले वाहनों पर लिए अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बागवानी विकास विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल के आसपास और बेहतर तरीके से सफाई की जाए।


झज्जर। कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

## पुलिस अलर्ट : कमिश्नर ने निरीक्षण कर लगाईं ड्यूटियां

**झज्जर।** बुधवार को क्षेत्र के गांव मुनीमपुर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, मंच क्षेत्र तथा आमजन के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक डीसीपी, सात एसीपी सहित लगभग 650 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।



प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कार्यक्रम स्थल पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा जांच निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा जांच के दौरान धैर्य बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि किसी व्यक्ति को कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस अधिकारी को दें।

## छह मंजिला भवन के रिवाइज एस्टीमेट की फाइल अटकी

# 5 साल से अधूरी पड़ी नागरिक अस्पताल के 200 बेड के विस्तार की योजना, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सिटी पल्स

शहर के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की योजना गत 5 वर्षों से ठप पड़ी है। दरअसल, 100 बेड के नागरिक अस्पताल को 200 बेड का करने के मकसद से नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस छह मंजिला इमारत का निर्माण जून-2019 में शुरू हुआ था और जून-2021 तक पूरा होना था। लेकिन यह काम आज भी अधर में लटका हुआ है और मरीज सरकार की मेहरबानी का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि 200 बेड के विस्तार के लिए बनाई जा रही नई बिल्डिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 22 अगस्त 2018 को 39 करोड़ 22 लाख 43 हजार 663 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी थी। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी के एसई ने 7 जून 2019 को यह टेंडर अलॉट किया था, लेकिन कभी लॉकडाउन और कभी ग्रेप के कारण काम बाधित रहा। हैरत की बात तो यह है कि महंगाई को कारण बताकर ठेकेदार को करीब 85 प्रतिशत काम पूरा होने तक ही एग्रीमेंट अमाउंट का भुगतान कर दिया गया। लोक निर्माण विभाग ने रिवाइज एस्टीमेट भी तैयार कर मंजूरी के लिए भेजा हुआ है। लेकिन यह भी चंडीगढ़ के दफ्तरों की शोभा बढ़ा रहा है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।



बहादुरगढ़। अस्पताल में अधूरा पड़ा नए भवन का निर्माण।

### प्रोजेक्ट में देरी पर नहीं हुई कोई कार्रवाई



प्रवीण दलाल का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रही इस परियोजना में लगातार देरी होने के बावजूद जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस परियोजना से स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार आने की उम्मीद थी, वह अब देरी और लापरवाही का प्रतीक बनकर रह गई है। सरकार अधूरे पड़े भवन का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराए ताकि बहादुरगढ़ और आसपास के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### आधुनिक सुविधाएं मिलती



जयभगवान राठी का कहना है कि बहादुरगढ़ की बढ़ती आबादी के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार बेहद जरूरी था। नई इमारत बनने से अस्पताल में बेड क्षमता बढ़ने के साथ-साथ विभिन्न विभागों को आधुनिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद थी। लेकिन निर्माण कार्य लंबा खिंचने से मरीजों को आज भी सीमित संसाधनों में इलाज करवाना पड़ रहा है। अस्पताल विस्तार परियोजना में हुई देरी का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है।

### रेफर केस कम होते



अंकित चुघ का कहना है कि अस्पताल में अक्सर मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नई इमारत शुरू होने से मरीजों को राहत मिलती और रेफर होने वाले मामलों में भी कमी आती। लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकती थीं। क्योंकि वर्तमान में महिलाओं और बुजुर्ग मरीजों को कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि अस्पताल पर दबाव बना रहता है।


झज्जर। बरसात के कारण शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में हुआ जलभराव।

# हल्की बारिश में ही सड़कें जलमग्न मानसून में बिगड़ सकते हैं हालात

- झज्जर व बेरी में एक-एक एमएम और साल्हावास में 22 एमएम बरसात की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार दिन की शुरुआत तेज हवाओं और हल्की बारिश के साथ हुई। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। लेकिन सुबह का समय होने के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई और लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उधर, शहर के अग्रसेन चौक, सीताराम गेट, प्राचीन गोशाला क्षेत्र व भट्टी गेट सहित अन्य क्षेत्रों में जलभराव के कारण आमजन को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि नालों की उचित ढंग से सफाई नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि प्री मानसून की हल्की बारिश में ऐसे हालात हैं तो मानसून के दिनों में क्या होगा। उन्होंने संबंधित इकाई और जिला प्रशासन से नालों की उचित ढंग से सफाई करवाने की मांग की है। उधर, किसानों का कहना है कि बरसात किसानों के लिए फायदेमंद है। बरसात के कारण किसानों को धान की बिजाई में फायदा होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह आठ से लेकर मंगलवार सुबह आठ बजे तक झज्जर व बेरी में एक-एक एमएम, बादली में दो एमएम, मातनहेल में 5.6 एमएम तथा साल्हावास में 22 एमएम बारिश दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी तापमान परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।

### बहादुरगढ़ में साढ़े 6 एमएम बरसात ने दी राहत

**बहादुरगढ़।** मंगलवार सुबह हुई बारिश से शहरवासियों को गर्मी से कुछ राहत मिली। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून को सुबह 8 बजे से 10 बजे के दौरान बहादुरगढ़ में 6.40 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। विशेषज्ञों के अनुसार यह गतिविधि अगले दो दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

# जनरल स्टोर में लगी आग सामान और फर्नीचर जला


झज्जर। आग के बाद क्षतिग्रस्त सामान का जायजा लेते हुए दुकानदार।

- कच्चा बादली रोड पर सब्जी मंडी के नजदीक दुकान में अचानक लगी आग
- थोड़ी देर के लिए दुकान बंद करके गया था दुकानदार, वापस आने पर लगी थी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार सुबह कच्चा बादली रोड पर सब्जी मंडी के नजदीक स्थित एक जनरल स्टोर की दुकान में आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान में रखा अधिकांश सामान झुलस कर क्षतिग्रस्त हो गया। दुकानदार अनूप कुमार ने बताया कि वह सब्जी मंडी के नजदीक स्थित मार्केट में जनरल स्टोर का संचालन करता है। वह सुबह जल्दी आया था, इसके बाद करीब दस बजे वह दुकान बंद करके किसी कार्य से घर चला गया। थोड़ी देर बाद ही पड़ोसी दुकानदारों ने उसे दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना के बाद वह दुकान पर पहुंचा। वहां शटर खोला तो दुकान में धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा था। पड़ोस के दुकानदारों की सहायता से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अनूप कुमार के अनुसार इस आगजनी में उसकी दुकान में रखा करीब सवा लाख रुपये का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान जहां दुकान में लगा फर्नीचर क्षतिग्रस्त हुआ है वहीं रैक में रखा सामान झुलस कर खराब हो गया।

# वार्ड-18 में बनेगी स्टॉर्म वाटर लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वार्ड-18 में करीब 80 लाख की लागत से लगभग एक किलोमीटर लंबी स्टॉर्म वाटर लाइन मंजूर हुई है। यह लाइन मंगल चौक से मुख्य ड्रेन तक बिछाई जाएगी, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। पार्षद संदीप दहिया के अनुसार लंबे समय से क्षेत्र के लोग बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या से परेशान थे। स्टॉर्म वाटर लाइन बनने के बाद वर्षा का पानी सुचारू रूप से निकलेगा और लोगों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर राज सिंह गौतम, राजल प्रधान, राजबीर छिकारा, देवेंद्र नांदल, प्रह्लाद खत्री, महाबीर मास्टर, सागर छिल्लर, राजेश राठी, कृष्ण डागर, मेहर सिंह दहिया, हैप्पी राठी, रोहित राठी, कृष्ण हलवाई, ऋषि छिकारा, राजू, जसवंत खत्री ने खुशी जताई।


लाइन बिछाने का काम शुरू होने पर खुशी जताते वार्डवासी।

# जिले में 4599 स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम चरण का ऋण कराया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को नप कार्यालय में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने किया। कार्यक्रम में योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बने स्ट्रीट वेंडर्स को प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों एवं स्ट्रीट वेंडर्स के उन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया या खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जिले में अब तक 4,599 स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम चरण का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। 1,040 लाभार्थियों को 25 हजार का द्वितीय ऋण तथा 220 लाभार्थियों को 50 हजार का तृतीय ऋण प्राप्त हो चुका है।


छात्रा को सम्मानित करते सैनी।

# आईटीआई में अब 30 तक होगा पंजीकरण

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। यह निर्णय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित में लिया गया है।



बहादुरगढ़ आईटीआई की प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बताया कि विभिन्न कारणों से निर्धारित समयावधि में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सके अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय उपलब्ध होने से वे आसानी से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि राजकीय आईटीआई बहादुरगढ़ में विद्यार्थियों के लिए इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, वुड वर्क तकनीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), ड्राफ्ट्समैन, स्टेनोग्राफी तथा अन्य रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। विद्यार्थी प्रवेश की बढ़ाई गई समय-सीमा का अधिकतम लाभ उठाएं तथा शीघ्र आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा किसी भी जानकारी के लिए संस्थान परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क अथवा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**सफलता** 13 सिख रेजीमेंट में अपनी सेवाएं देगा झज्जर का लाल

# सब इंस्पेक्टर के बेटे सन्नी फलस्वाल बने लेफ्टिनेंट

- बादली थाना में सब इंस्पेक्टर और गांव रावता निवासी राकेश के बेटे सन्नी ने सैन्य अधिकारी बनकर नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारतीय सेना में एक और युवा अधिकारी के रूप में क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए सन्नी फलस्वाल लेफ्टिनेंट बन गए हैं। सन्नी बादली थाना में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत राकेश फलस्वाल के पुत्र हैं तथा मूल रूप से गांव रावता के निवासी हैं।

बता दें कि सन्नी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रावता मोड़ स्थित निजी विद्यालय और 12वीं कक्षा की पढ़ाई नजफगढ़ के एक निजी विद्यालय से पूरी की। बारहवीं के उपरांत ही उनका चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हो गया। वर्ष 2022 से 2026 तक एनडीए में प्रशिक्षण और ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका सैन्य अधिकारी बनने का सपना साकार किया। गत 13 जून को आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के दौरान सन्नी को कमीशन प्राप्त हुआ और वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नियुक्त हुए। कमीशन के बाद उनकी तैनाती 13 सिख रेजीमेंट में की गई है। सन्नी की मां सुनीता गृहिणी हैं। परिवार में उनकी दो बहनें हैं, जिनका विवाह हो चुका है। सन्नी की इस उपलब्धि से परिवार, गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए सन्नी और उनके परिवार को बधाई दी है। एसआई राकेश ने बताया कि सन्नी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी।


बहादुरगढ़। सन्नी के साथ उनके पिता राकेश फलस्वाल व मां सुनीता।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

लाइफ Style

# दिव्या



## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

एजेंसी मुंबई

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्स: डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत ज़ुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गईं।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।*** *फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

### कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :*** *इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

### आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।*** *हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### पत्नी बेटे सहित लापता जांच में जुटी पुलिस

**रोहतक।** गांव कलानौर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की पत्नी और दो वर्षीय बेटे के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव काहनौर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। प्रदीप के अनुसार, 9 जून को उसकी पत्नी अपने दो वर्षीय बेटे जीवांश उर्फ जिशु को साथ लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बावजूद दोनों का कोई सुराग नहीं लग पाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### रुड़की में युवक पर हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** रुड़की के युवक पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 10 जून को रुड़की निवासी राहुल ने शिकायत दी थी कि वह अपने खेत से प्लॉट की ओर जा रहा था। तभी गांव का ही सन्नी दो साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे जान से मारने की नीयत से ईंटों से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच उपनिरीक्षक सुरेंद्र के नेतृत्व में हुई। 15 जून को पुलिस ने साहिल पुत्र गिरवर, दीपाशु पुत्र बिजेंद्र निवासी रुड़की तथा हेमंत पुत्र पवन निवासी भालौठ को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स मनमानी के खिलाफ हुए एकजुट

# स्मार्ट मीटर के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**प्रदर्शन की अगुवाई सीटी सब यूनिट के प्रधान भूरा सिंह व यूनिट प्रधान जयवीर ने की**



झज्जर। निगम कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी।



बहादुरगढ़। मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन द्वारा बिजली कर्मचारियों द्वारा नई कंपनी हरियाणा एग्री डिस्कॉम के गठन और स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सीटी सब यूनिट के प्रधान भूरा सिंह ने की जबकि संचालन सब अर्बन सब यूनिट प्रधान जयवीर ने किया। यूनियन नेताओं ने बताया कि इस संबंध में बिजली मंत्री अनिल विज, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार व अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली निगम के अलावा चारों बिजली निगमों के प्रबंध निदेशकों को विरोध पत्र भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। राज्य ऑडिटर राम दर्शन ने कहा कि हरियाणा एग्री डिस्कॉम बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि किसानों के कृषि फीडर पहले से अलग हैं। उनका आरोप है कि नई कंपनी के गठन पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे और इससे बिजली वितरण के निजीकरण का रास्ता खुल सकता है।

**यह बोले कर्मचारी**

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए कहा कि पहले से लगे मीटरों को हटाकर नए मीटर लगाने से निगमों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो किसान और जन संगठनों के साथ मिलकर आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। इस मौके पर आदर्श चौहान, पवन, नरेश, लक्ष्मी नारायण, हंसराज, सुनील, जगदीश, रविश, केशव, सन्नी, देवेंद्र, नीतू, नीरज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## निजीकरण के खिलाफ गरजे बिजली कर्मचारी

- नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाकर सरकार के नाजायज तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सरकार द्वारा हरियाणा एग्रो डिस्कॉम बनाने, स्मार्ट मीटर लगाने व प्राइवेट कंपनी को बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस देने के विरोध में मंगलवार को बहादुरगढ़ डिवीजन की सभी सब यूनिटों पर काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया गया। नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाकर सरकार के नाजायज तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सब यूनिट सिटी-2 प्रधान सीनू सिंह ने किया, मंच संचालन सब यूनिट सेक्रेट्री रवि नागर ने किया। राज्य उप प्रधान बंसीलाल, केंद्रीय कमेटी सदस्य रविंद्र दलाल, सर्वकर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र सैनी, यूनिट प्रधान उमेश आदि ने कहा कि इलेवन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा हरियाणा के गुरुग्राम व नूंह जिलों के बिजली वितरण क्षेत्र को हासिल करने बारे लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। इसे तुरंत प्रभाव से खारिज किया जाए। यह पिछले दरवाजे से तमाम बिजली वितरण क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले करने की तैयारी है। इसके बाद लगातार मंहगी होने से आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी। बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी। प्रदर्शन में राकेश सोलंकी, कुलवंत, अनिल, दीपक, मधु, कुलदीप, हरीश, आरिफ, संजय, सोनू, ललित, मनोज, ऋषि प्रकाश, राजेश विजय नवीन, राम अवतार, इंद्रवीर, टेकचंद, अरविंद, कर्मबीर, विनोद, आज़ाद सिंह, शमशेर सिंह, दिनेश कुमार, दशरथ, बलजीत, मुकेश, जोगेंद्र, प्रदीप धनखड़, कुलदीप रंगा, रामगोपाल, अंकुर, अनिल, अनुज, विनोद कुमार, भगत सिंह, पवन यादव, अक्षय यादव, रामफूल, योगेश, देवेंद्र व सतेंद्र आदि शामिल रहे।



बहादुरगढ़। खराब सफाई के विरुद्ध शिकायत देने पहुंचे वार्ड-22 के निवासी।

## वार्ड-22 की सफाई व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग

- डीसी रेट पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को हटाने के बाद सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई: राजू दलाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वार्ड नंबर-22 में बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद राजू दलाल ने आरोप लगाया कि डीसी रेट पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को हटाने के बाद सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

श्रीचंद, वेदप्रकाश, सोमवीर, सुरेश कुमार, जयपाल व सुरेंद्र आदि ने बताया गया कि पहले डीसी रेट के कर्मचारी नियमित रूप से गलियों और नालियों की सफाई करते थे, जिससे वार्ड के लोग संतुष्ट थे। लेकिन नगर परिषद द्वारा सफाई का कार्य निजी कर्मचारियों को सौंपे जाने के बाद स्थिति खराब हो गई है। देवेंद्र, प्रीतम सिंह, हरि सिंह, जयभगवान, विनोद कुमार, दिनेश, तेजपाल व धर्मेंद्र का कहना है कि न तो गलियों में नियमित झाड़ू लगाई जा रही है और न ही नालियों की समय पर सफाई हो रही है। इसके चलते कई स्थानों पर नालियों का गंदा पानी गलियों में फैल रहा है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज सिंह, कर्मबीर, प्रदीप, अनिल वर्मा, सतबीर सिंह, संजीव कुमार, रामनिवास व साहब सिंह आदि ने मांग की है कि पहले कार्यरत डीसी रेट के सफाई कर्मचारियों को दोबारा नियुक्त किया जाए, ताकि वार्ड में सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से क्षेत्र में गंदगी बढ़ रही है और बीमारियों का खतरा भी पैदा हो गया है। ज्ञापन की प्रतियां उपायुक्त झज्जर, एसडीएम बहादुरगढ़ तथा नगर परिषद चेयरपर्सन को भी भेजी गई हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सफाई व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। पूर्व पार्षद राजेंद्र दलाल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वार्डवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## डिजिटल के साथ काउंटर पर भी बने पास, रेलवे प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। रेलवे प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते सुमित छिकारा व दिलबाग दलाल।

अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लक्ष्मीकांत बंसल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रेलवे बुकिंग काउंटरों पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ-साथ भौतिक पास/मासिक टिकट की सुविधा को पुनः शुरू करने की मांग की।

केकेसी हरियाणा के उप चेयरमैन सुमित छिकारा और जिलाध्यक्ष दिलबाग दलाल ने ज्ञापन के माध्यम से रेलवे द्वारा अनिवार्य की गई डिजिटल-ओनली पास/टिकट व्यवस्था की खामियां गिनाई। उन्होंने आम यात्रियों विशेषकर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को हो रही भारी कठिनाइयों की ओर रेलवे का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन का अभाव, डिजिटल साक्षरता की कमी और तकनीकी बाधाओं के कारण गरीब और बुजुर्ग यात्रियों को दैनिक टिकट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो उनके आर्थिक बजट पर भारी बोझ डाल रहा है। साथ ही कई यात्री जुर्माना भरने जैसी समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं।

## एसआईआर को लेकर पेंटिंग, पोस्टर व बैनर से किया जागरूक

- शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा एसआईआर का प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। पोस्टर के माध्यम से वोटरों को जागरूक करते विद्यार्थी।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके तथा कोई भी योग्य मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से पेंटिंग, पोस्टर एवं स्लोगन हस्ताक्षर अभियान, बैनर-पोस्टर प्रदर्शन तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देना और उन्हें इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।




झज्जर। एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

## डीसी ने एसआईआर कार्य निर्धारित समयावधि में करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंगलवार को आयोजित वीसी उपरांत डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने सभी एआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करें तथा सुपरवाइजरों को बीएलओ के साथ क्षेत्र में भेजकर अभियान को गति प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का किसी भी नहीं स्तर पर प्रशिक्षण अभी तक नहीं हुआ है, उन्हें तुरंत प्रभाव से प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने एसआईआर कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े ग्रामीण नीरज हत्याकांड में शव लेने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इस्माइला गांव में युवक नीरज की हत्या के मामले में मंगलवार को पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव लेने से इंकार कर दिया। परिवार का कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जानकारी के अनुसार, रविवार आधी रात अज्ञात हमलावरों ने नीरज की कस्सी से वार कर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को जलघर परिसर में छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए परिवार को रोहतक चलने के लिए कहा, लेकिन परिजनों ने साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस के आश्वासन के बावजूद परिवार पोस्टमार्टम कराने और शव लेने के लिए तैयार नहीं हुआ।उधर, पुलिस ने पूरे दिन गांव और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन अभी तक आरोपियों के संबंध में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच तेजी से जारी है।

**पुलिस ने किया ग्रामीणों को समझाने का प्रयास**

धरने की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान प्रधान विकास खत्री, चेयरमैन टीनू खत्री, पवन कुमार सहित गांव के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। साथ ही संदेह के आधार पर गांव के कई युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## एमडीयू लागू करेगा जियो-टैगिंग आधारित निगरानी व्यवस्था

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से संबद्ध कॉलेजों के निरीक्षण में पारदर्शिता लाने और कथित अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन नई डिजिटल व्यवस्था लागू करने जा रहा है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद निरीक्षण करने वाली कमेटियां मौके पर गए बिना रिपोर्ट तैयार नहीं कर सकेंगी और न ही निरीक्षण के कई दिन बाद अपनी रिपोर्ट जमा कर पाएंगी। विश्वविद्यालय का मानना है कि इससे निरीक्षण प्रक्रिया में जवाबदेही बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश लगेगा।

## बालश्रम के विरुद्ध किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मेट्रो स्टेशन के निकट लोगों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विशाल के आदेशानुसार एमडीडी आफ इंडिया के सहयोग से मंगलवार को बाल श्रम रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के मेट्रो स्टेशन के निकट लोगों को बाल श्रम रोकने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान पैरा लीगल वालिंटियर नीता, एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार, पुलिस उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश, पार्षद प्रवीण कुमार, अस्टिटेंट प्रोफेसर कपिल देव, तुशांत, तुषार, आकृति, खुशी, समृद्धि व कृष आदि ने उपस्थित लोगों को बाल श्रम अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम करवाने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस हेल्पलाइन 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत कर सकते हैं। बाल श्रम अधिनियम का सख्ती से पालन करना जरूरी है। सभी की जिम्मेदारी बनती है कि अपने स्तर पर बाल श्रम के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

### खेत से ट्यूबवेल का सामान चोरी, पुलिस से शिकायत

**लाखन माजरा।** चिड़ी गांव में एक खेत से ट्यूबवेल का सामान चोरी हो गया। चिड़ी निवासी बिजेंद्र पुत्र महाबीर ने पुलिस को बताया कि उसका खेत धनाना रोड पर है। उसने अपने खेत में एक कमरा बनाया हुआ है। जहां से ट्यूबवेल के तीन स्टार्टर, ट्यूबवैल की वाल, ट्यूबवेल का बैंड, चाबी-पाने आदि चोरी हो गए। जब वह खेत में पहुंचा तो उसने देखा की कमरे की चौखट उखड़ी हुई थी।

**सार्वजनिक सूचना**

हम, मिथलेश पुत्र बंसीधर व किरन देवी पत्नी मिथलेश निवासीयान मकान नंबर-1224, वार्ड नंबर-10, छोटूराम नगर, लाइनपार बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारी पुत्री अंजली हमारे कहने सुनने से बाहर है और हम उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में अंजली के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अंजली अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश चंद (पुत्र), विजय कुमार गुप्ता (पुत्र), नरेंद्र कुमार (पुत्र), सुरेंद्र गुप्ता (पुत्र), संजय गुप्ता (पुत्र), कमला (पुत्री), सुनीता (पुत्री), सुमन (पुत्री) पुत्र/पुत्री श्री स्व. हरकिशन दास निवासी 326/21, रेलवे रोड बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. (सेल डीड नंबर-1605 दिनांक 31/08/1961) Ward No. 19 कॉलोनी रेलवे रोड जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के Property Tax रिकॉर्ड में सुमित्रा देवी पत्नी श्री हरकिशन दास के नाम दर्ज है। सुमित्रा देवी पत्नी श्री हरकिशन दास की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर -- वार्ड नंबर-19 कॉलोनी रेलवे रोड पर यदि कोई अन्य हकदार है वा उक्त सम्पत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नंबर / 223 वर्ग गज प्रार्थी श्री मुकेश चंद (पुत्र), विजय कुमार गुप्ता (पुत्र), नरेंद्र कुमार (पुत्र), सुरेंद्र गुप्ता (पुत्र), संजय गुप्ता (पुत्र), कमला (पुत्री), सुनीता (पुत्री), सुमन (पुत्री) पुत्र/पुत्री श्री स्व हरकिशन दास के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिमेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

**बिठला ग्राम पंचायत और पब्लिक हेल्थ विभाग के बीच हुआ अनुबंध**

## ग्रामीण विकास में सहयोग की नई पहल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। ग्राम सभा को संबोधित करते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार श्याम अहलावत। फोटो: हरिभूमि

सरकार व सामुदायिक सहभागिता संचालन एवं रख रखाव जल नीति गांवों को पेयजल आपूर्ति मामले में स्वावलम्बी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। यह बात मंगलवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार श्याम अहलावत ने क्षेत्र के गांव बिठला में आयोजित ग्राम सभा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि नई जल नीति के अंतर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी के माध्यम से ग्राम पंचायतों को सौंपी जाएगी। इस कार्य में पंचायती राज विभाग और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग संयुक्त रूप से पंचायतों का मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे। पंचायती राज विभाग वित्तीय एवं प्रशासनिक गतिविधियों में सहायता करेगा, जबकि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तकनीकी सहयोग और आवश्यक अनुमतियां प्रदान करेगा। इस दौरान ग्राम सभा में उपस्थित सरपंच नीतू देवी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जेई अजय तथा ग्राम सचिव आनंद ने नई जल नीति के अंतर्गत अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## डेयरियों पर नगर निगम का शिकंजा, 10 चालान काटे

- गंदगी और सीवरों में गोबर बहाने पर सख्ती, 15 डेयरी संचालकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में डेयरियों द्वारा फैलाए जा रहे गोबर और गंदगी के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया है। नगर निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में स्थित डेयरियों का निरीक्षण कर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 10 डेयरियों के चालान कर कुल 46 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि 15 डेयरी संचालकों को डेयरी सील करने संबंधी नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि डेयरी संचालकों द्वारा गोबर को नालों और सीवरों में बहाने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। इसके अलावा समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस समस्या की जानकारी सामने आई थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निरीक्षण और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने पाया कि कई डेयरियों में स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था।

### सुपवा की शॉर्ट फिल्म व डॉक्यूमेंट्री की आज मुंबई में स्क्रीनिंग

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) द्वारा बनवाई गई शॉर्ट फिल्म व डॉक्यूमेंट्री की 17 जून को मुंबई में स्क्रीनिंग होगी। इन्हें 19वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एमआईएफएफ) में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए चुना गया है। चयन समिति ने इसके लिए सुपवा की एक शॉर्ट फिल्म व दो डॉक्यूमेंट्री का चयन किया है। इनका निर्माण यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों ने किया है, जबकि सुपवा इनकी प्रॉड्यूसर है।

## मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में बदल रही बहादुरगढ़ की दिशा : विधायक

# विधायक ने 84 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

वार्ड -7 में विश्वकर्मा स्वागत द्वार, सैनिक महेश चंद्र पार्क तथा विभिन्न गलियों के निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। वार्ड-7 में विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

विधायक राजेश जून ने मंगलवार को शहर के वार्ड नंबर-1 और वार्ड नंबर-7 में करीब 84 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से उनके नेतृत्व में बहादुरगढ़ की तस्वीर बदलने का प्रयास किया जा रहा है और इसी कड़ी में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जा रहा है। विधायक राजेश जून ने मंगलवार को वार्ड नंबर-1 की गली नंबर-2, 5 व 16 की अप्रोच गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन कार्यों पर करीब 41 लाख रुपये की लागत आएगी। वहीं वार्ड नंबर-7 में विश्वकर्मा स्वागत द्वार, सैनिक महेश चंद्र पार्क तथा विभिन्न गलियों के निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। जिन पर लगभग 43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस दौरान विधायक ने स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की आवश्यक समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी उन्हें दें, ताकि प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ में चौतरफा विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र में करीब 200 विकास कार्य प्रगति पर हैं। राजेश जून ने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार भी व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

अवसर पर ईओ संजय रोहिल्ला, एमई जोगेंद्र सिंधु, पार्षद संदीप अहलावत, अशोक शर्मा, पवन रोहिल्ला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। पार्क में पौधा लगाती चेयरपर्सन सरोज राठी व रमेश राठी। फोटो : हरिभूमि

### नप 9 लाख में लगाएगी 3300 पेड़

**बहादुरगढ़।** नप की चेयरपर्सन सरोज राठी की पहल पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 3300 पेड़ लगाए जाएंगे। इसके लिए नप ने करीब 9 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर लिया है और जल्द ही पौधरोपण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के तहत यह पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। करीब 9 लाख के एस्टीमेट का स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि पौधरोपण का कार्य बरसात के मौसम में किया जाएगा, ताकि पौधों की जीवित रहने की संभावना अधिक रहे । इस बार केवल छोटे पौधों पर निर्भर रहने के बजाय अपेक्षाकृत बड़े और विकसित पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे लगाए गए पेड़ कम समय में छायादार और पर्यावरण के लिए अधिक उपयोगी बन सकेंगे।



### याद बहुत आते हैं वो दिन...

आज समय के साथ लोगों की जीवनशैली व खानपान की आदतों में तेजी से बदलाव आया है। एक दौर था जब घरों में बाजरे की रोटी, चूरमा, सरसों का साग, दाल और ताजा सब्जियां रोजाना के भोजन का हिस्सा होती थीं। आज बच्चों और युवाओं की पहली पसंद पिज्जा, बर्गर, नूडल्स, चिप्स, कुरकुरे और अन्य फास्ट फूड बन गए हैं। बदलती इस खाद्य संस्कृति को देखकर बुजुर्ग पीढ़ी चिंतित है। बुजुर्गों का मानना है कि आधुनिक खानपान ने स्वाद तो बढ़ाया है, लेकिन सेहत को नुकसान भी पहुंचाया है। करतार सिंह, जलकरण, हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त मांगेलाल ने कहा कि उनके समय में भोजन पूरी तरह प्राकृतिक होता था। खेतों में उगाई जाने वाली फसलें जैविक तरीके से तैयार होती थीं और रासायनिक खादों तथा कीटनाशकों का उपयोग बहुत कम होता था। घर में बना चूरमा, बाजरे की रोटी, दही, हलवा, खीर, देसी घी और हरी सब्जियां शरीर को आवश्यक पोषण प्रदान करती थीं।

#### गुणवत्ता में कमी आई


इसी कारण लोग अधिक मेहनत करने के बावजूद स्वस्थ और ऊर्जावान रहते थे। देसां मैं देस हरियाणा, जित दूध दही का खाना की कहावत से मशहूर इस प्रदेश में आज बच्चों की थाली से पारंपरिक व्यंजन लगभग गायब हो चुके हैं। उनकी जगह पिज्जा, बर्गर, नूडल्स, चिप्स और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों ने ले ली है। इन खाद्य पदार्थों में स्वाद तो होता है, लेकिन पोषक तत्व अपेक्षाकृत कम होते हैं। अब दूध-दही से लेकर देसी घी तक सभी खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता में कमी आई है। बुजुर्गों ने ठंडी आह भरते हुए कहा कि सच में घर के बने देसी खाने का मजा ही कुछ और था। आधुनिक युग के खाद्य पदार्थ पिज्जा, बर्गर, नूडल्स, चिप्स और पैकेटबंद पदार्थ बच्चों की पहली पंसद बन गए हैं। इस खाद्य पदार्थों में पौष्टिक तत्वों का पूरी तरह से अभाव है। इन्हें खाने से कमजोरी आती है।

## बदलती आदतों से चिंतित बुजुर्ग पिज्जा से पौष्टिक बाजरे की रोटी

बच्चों की थाली से पारंपरिक व्यंजन हो चुके हैं गायब



#### फास्ट फूड व तैयार खाद्य पदार्थों की मांग


लक्ष्मीनारायण

रिटायर्ड सूबेदार मेजर लक्ष्मीनारायण कौशिक ने बताया कि आधुनिक खानपान आजकल समय की जरूरत बन गया है। व्यस्त जीवनशैली के कारण फास्ट फूड और तैयार खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ी है। लेकिन उनकी राय में बच्चों को पारंपरिक और पौष्टिक भोजन से जोड़ने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियां बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत जीवनशैली अपना सकें। फास्ट फूड स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकार होते हैं। इनसे बचने सख्त की जरूरत है।

#### समय के साथ बदला फल व सब्जियों का स्वाद



बुजुर्ग हुकम सिंह तंवर का कहना है कि पहले फलों और सब्जियों का स्वाद भी अलग ही होता था। खेतों से सीधे घर पहुंचने वाली उपज प्राकृतिक होती थी, जबकि किसानों द्वारा अधिक उत्पादन की होड़ में रासायनिक खाद और कीटनाशकों का व्यापक प्रयोग किया जा रहा है। जिस कारण फल व सब्जियों की गुणवत्ता तथा स्वाद दोनों प्रभावित हुए हैं। कम उम्र में ही मोटापा व अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।

#### बच्चों में आ रही कमजोरी और थकान



रिटायर्ड कैप्टन धर्म सिंह का मानना है कि यदि परिवारों में फिर से बाजरे की रोटी, चूरमा, दाल, हरी सब्जियां और अन्य पारंपरिक व्यंजन नियमित रूप से परोसे जाएं, तो बच्चों को बेहतर पोषण मिलने के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक विरासत भी सुरक्षित रह सकेगी। फास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चों की उम्र व सेहत पर भी विपरित प्रभाव पड़ रहा है। वे कम उम्र में ही कमजोरी व थकान के शिकार हो रहे हैं।


झज्जर। मुख्यातिथि एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होनहार प्रतिभागी।

## सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी शुरू स्कूली विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

मंगलवार को केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों से अवगत करवाने के उद्देश्य से लघु सचिवालय परिसर स्थित संवाद भंवन में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने मुख्यातिथि के रूप में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**पेंटिंग, निबंध और रचनात्मक गतिविधियों से रूबरू करा रहे विद्यार्थी :** तीन दिवसीय प्रदर्शनी के साथ स्कूली विद्यार्थी भी सरकार की योजनाओं को कागज पर कला के माध्यम से उकेर रहे हैं। संवाद भवन परिसर में स्कूली विद्यार्थियों के लिए कविता, निबंध लेखन, पेंटिंग एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं प्रश्नोत्तर गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता बढ़ाई गई। पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया।

### वरिष्ठ पत्रकार मनीष कुमार को पितृशोक



**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार राकेश पंवार के बड़े भाई व पत्रकार मनीष कुमार के पिता रमेश चंद्र का मंगलवार सुबह हृदयघात से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। करीब 56 वर्षीय रमेश चंद्र की अंत्येष्टि शहर के रामबाग श्मशान घाट में हुई।

#### इन्होंने जताया शोक

उनके अंतिम संस्कार में भाग लेकर विधायक राजेश जून, चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वेद प्रधान, नरेश जून, जेजेपी जिलाध्यक्ष संजय दलाल, प्रेम शर्मा, शील भारद्वाज, पार्षद रमन यादव, बलराम दलाल, रजनीश मोनू, संजीव मलिक, नरेंद्र राठी, सुरेंद्र चौहान, रामनिवास सैनी, एडवोकेट विपिन, प्रदीप रेढू, रजत छिकारा आदि ने शोक जताया।

## आमजन को योग के प्रति कर रहे जागरूक: डॉ. पवन


झज्जर। महिलाओं को योगाभ्यास करवाते हुए योग सहायक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिलाभर में योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न योग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला योग समन्वयक डॉक्टर पवन देशवाल ने बताया कि मंगलवार को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर योग से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला तथा सभी ब्लॉक स्तरों पर शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन योग गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल, योगासन, प्राणायाम एवं योग के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे अधिक से अधिक लोगों तक योग का संदेश पहुंचा सकें।

#### बंदियों को करवाया योगाभ्यास

इसके अलावा जिला कारागार परिसर में बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग विशेषज्ञों द्वारा योगाभ्यास करवाते हुए नियमित योग के लाभों की जानकारी दी गई।



झज्जर। योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की, रोडवेज वर्कशॉप परिसर में होगा कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिले में योग महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा: उपायुक्त

**झज्जर।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून को जिले में योग कार्यक्रम का प्रोटोकॉल के अनुरूप आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम रोडवेज वर्कशाप परिसर में होगा। योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी वर्षा खांगवाल ने मंगलवार को वीसी उपरांत लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिले में योग महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक, अधिकारी, छात्र, स्वयंसेवी और समाजसेवी संस्थाएं भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि योग दिवस के आयोजन को योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक जन आंदोलन का रूप दिया जाए।


बहादुरगढ़। रेलवे रोड पर मीठे पानी की छबील लगाए श्याम प्रेमी।

### मीठे पानी की छबील लगाकर की सेवा

**बहादुरगढ़।** शहर के रेलवे रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर के समीप श्याम प्रेमियों द्वारा मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं की प्यास बुझाई गई। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य की आमजन ने सराहना करते हुए श्याम प्रेमियों को आशीर्वाद दिया। राहगीरों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा परोपकार है। सुलतान, राजेश, तरुण कुमार, विक्की शर्मा, सुशील, गौरव, सांवरिया, महावीर, पवन आदि श्याम प्रेमियों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से श्याम बाबा का गुणगान करते हुए आने-जाने वाले लोगों को मीठा पानी वितरित किया।

## पोस्टर मेकिंग में इंडो अमेरिकन स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीईओ कार्यालय द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में इंडो-अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक, संदेशपूर्ण एवं रचनात्मक पोस्टर तैयार किए। उनकी कलात्मक सोच, रंगों का सुंदर संयोजन, विषय की गहरी समझ तथा प्रस्तुति की प्रभावशीलता ने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता, आत्मविश्वास तथा राष्ट्रीय भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

मानव सेवा — ऐसे सामाजिक प्रयास समाज सेवा और सहयोग की भावना को करते हैं मजबूत

## रॉबिन हुड आर्मी ने 18 जरूरतमंद परिवारों में राशन बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ जरूरतमंद परिवारों की सहायता जारी रखने का संकल्प लिया

सामाजिक संस्था रॉबिन हुड आर्मी ने मानव सेवा की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए शहर की ओमेक्स सिटी के निकट स्थित झुग्गी बस्ती में जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन सामग्री वितरित की। इस दौरान 18 गरीब परिवारों को आटा, दाल और सरसों के तेल सहित आवश्यक खाद्य सामग्री से युक्त राशन किट प्रदान की गई।

राशन वितरण अभियान के दौरान संस्था से जुड़े स्वयंसेवकों ने परिवारों से संवाद कर उनकी जरूरतों को भी जाना। आरएसए सदस्य रविंद्र शर्मा, हरि प्रकाश शर्मा, चिराग गुप्ता, सुशील नारा आदि ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और भूख से जूझ रहे लोगों को भोजन उपलब्ध कराना ही रॉबिन हुड आर्मी का मुख्य उद्देश्य है। संस्था लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे सेवा कार्य करती रहती है। स्थानीय लोगों ने रॉबिन हुड आर्मी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। संस्था के सदस्यों ने भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता जारी रखने का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। मंगलवार को जरूरतमंदों में राशन किट बांटते रॉबिनहुड आर्मी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि